
## संक्षिप्त समाचार

### आप के मेयर द्वारा कार्यालय में राष्ट्रीय नेताओं की तस्वीरों के अनादर की अरूण सूद ने की भर्तसना




**चंडीगढ़ :** आज पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मेयर चंडीगढ़ अरूण सूद ने कहा की चंडीगढ़ में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी गठबंधन के मेयर कुलदीप कुमार, जिनको कॉर्पोरेशन में अल्पमत में होने के कारण एक दिन भी पद पर रहने का अधिकार नही है, द्वारा मेयर कार्यालय को अपनी निजी संपत्ति बनाने की कोशिश की जा रही है। कार्यालय में सालों से मेयर की कुर्सी (जिससे एक संविधानिक मर्यादा जुड़ी हुई है) के पीछे राष्ट पिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर, भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित, शहर की सांसद किरण खेर की तस्वीरें लगी हुई थी। कांग्रेस/आप के मेयर ने अपनी घटिया सोच वा राजनीतिक दिवालियापन के चलते, बाबा साहब की तस्वीर को छोड़, दीवार से सभी बाकी तस्वीरें हटाकर दूसरी दीवार पर लगवा दी है।मेयर की यह हरकत बहुत शर्मनाक है। मेयर को शायद याद नही के बाबा साहब अम्बेडकर पूरे राष्ट की धरोहर हैं, और कांग्रेस पार्टी वा आम आदमी पार्टी ने एक साजिश के तहत देश में बाबा साहेब और बाकी राष्ट्रीय नेताओं से भेद भाव और उनको बांटने की शर्मनाक कोशिश की है। मेयर को शहर के विकास की बात तो कुछ समझ आती नही बस तस्वीरों की ओछी राजनीति ही आती है जो उन्होंने ने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से ही सीखी है। अरूण सूद ने कहा के बापू के नाम पर दशकों वोट बटोरने वाले कांग्रेसी नेता भी आज अपने निजी स्वार्थों की खातिर बापू की तस्वीर के अनादर के बाद भी मौन धारे बैठे हैं और उन्होंने अपनी एक सीट जीतने के लिए संविधान का गला घोंटने की खुली छूट दे रखी है।सूद ने कहा के कांग्रेसी नेता पवन बंसल और मेयर को ज्ञात होना चाहिए के संविधानिक प्रोटोकॉल के मुताबिक बापू, देश के वर्तमान राष्ट्पति और प्रधानमंत्री की तस्वीर किसी भी संविधानिक पद पर रहने वाले पीठासीन अधिकारी की कुर्सी के पीछे लगनी चाहिए।

### महाशिवरात्रि के पावन पर्व को नर्मदेश्वर महादेव शिव मन्दिर सारंगपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा



**चंडीगढ़ :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को नर्मदेश्वर महादेव शिव मन्दिर सारंगपुर में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि की बहुत बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी । कार्यक्रमानुसार 8 मार्च दिन शुक्रवार को प्रातः रुद्राभिषेक करने के बाद फल दूध आदि का प्रसाद वितरित किया जाएगा। सुबह 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक महामृत्युंजय मंत्र का अखंड जप किया जाएगा। 9 मार्च दिन शनिवार को दोपहर 12.30 बजे से गत वर्षों की भांति विशाल भोजन भंडारा (लंगर) लगाया जाएगा। 10 मार्च दिन रविवार को प्रातः 10.00 बजे से अखंड साप्ताहिक गायत्री महायज्ञ और भोजन प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। आप सब परिवार सहित सादर आमंत्रित हैं। सह्योग एवं योगदान के लिए संपर्क करें।

### महिला दिवस को महिला शोषण विरोधी दिवस के तौर पर बनाने का फैसला



**चंडीगढ़ :** फेडरेशन आफ यूटी ईम्पलाइज एन्ड वर्कर्स चंडीगढ़ ने बाल भारतीय बाल कल्याण परिषद के अधीन चल रहे क्रैचों के कर्मचारियों के शोषण के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को महिला शोषण विरोधी दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया है । महिला शोषण विरोधी प्रोग्राम दिनांक 7 मार्च 2024 को 12:00 से दोपहर 2:00 बजे तक बाल भवन सेक्टर 23 में मनाया जाएगा आप सभी प्रेस प्रतिनिधियों को निवेदन है की महिला शोषण विरोधी दिवस को प्रेस में प्रसारित करें । व माननीय पत्रकारों को इस मौके पर भेजने की कृपा करें।

### जिया डायमंड यहां दुबई से भी सस्ता सोना मिलता है : डायरेक्टर हुकुमचंद गोयल



**चंडीगढ़ :** जिया डायमंड एस.सी.ओ. नंबर 155 फर्स्ट फ्लोर सेक्टर 37 चंडीगढ़ में जिया डायमंड के डायरेक्टर हुकुमचंद गोयल ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि हमारे यहां दुबई से भी सस्ता सोना मिलता है। एवं हम अपने ग्राहकों को 100 प्रतिशत मनी बैक की गारंटी देते हैं। हमारा ग्राहक कभी भी, हमारे से गहने खरीदने के बाद, कभी भी अपने गहने देकर उतनी ही पैसे हमारी दुकान से प्राप्त कर सकता है ।अमूमन ऐसा दुकानों पर भारत देश में कहीं भी नहीं पाया जाता। क्योंकि और कहीं गहने खरीद करने के बाद जब ग्राहक उसे वापस करता है। तो उसके बनवाने का जो चार्ज होता है। वह दुकानदार काट लेता है। लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं है।

### वर्ष 2023 -2024 की स्थानीय निकाय और पंचायती संस्थानों की 19वीं रिपोर्ट प्रकाशित

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान अंतिम दिन 28 फरवरी 2024 को सदन में प्रस्तुत की गई वर्ष 2023 -2024 की स्थानीय निकायों व पंचायती राज संस्थानों की कमेटी की 19वीं रिपोर्ट में नगर निगम, फरीदाबाद के वर्ष 2019-2020 तथा नगर निगम, सोनीपत के वर्ष 2020 -2021 की निदेशक, लेखा परीक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा लेखा परीक्षित रिपोर्ट विधानसभा की वेबसाइट पर उपलब्ध है। हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा इस आशय की अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना अनुसार स्थानीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थानों की वर्ष 2017-18 एवं वर्ष 2018-19 की वार्षिक टेक्निकल निरीक्षण रिपोर्ट प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षण) हरियाणा द्वारा लेखा परीक्षित रिपोर्ट भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### सरकार की किसानों को मुआवजा देने की मंशा ही नहीं : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने प्रदेश में हुई बेमौसमी बारिश और भारी ओलावृष्टि के कारण सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, जींद और सोनीपत समेत अन्य कई जिलों में किसानों की खराब हुई फसल का मुआवजा देने में सरकार की तरफ से की जा रही देरी और क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 5 एकड़ की शर्त के कारण किसानों को हो रही परेशानी पर कहा कि किसानों को मुआवजा देने की सरकार की मंशा ही नहीं है। इससे पहले सरकार ने किसानों की खराब हुई फसल का पिछले चार सालों का लगभग 450 करोड़ रुपये का मुआवजा आज तक नहीं दिया है। खराब हुई फसलों के मुआवजे को लेकर लचर तैयारी पर बीजेपी सरकार को घेरते हुए अभय सिंह चौटाला ने कहा कि सरकार कभी भी किसानों की हितैषी नहीं रही और हमेशा किसानों को कमजोर करने का काम करती रही है। उन्होंने सरकार की मंशा पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि सरकार की मंशा किसानों को मुआवजा देने की होती तो मात्र कुछ घंटों में मुआवजा दे सकती थी। सभी किसानों और उनकी फसलों का पूरा रिकॉर्ड सरकार के पास है। सरकार ने पोर्टल पर फसलों को ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान के लिए 15 मार्च तक का ही समय दिया है जिससे किसान बेहद परेशान है।

# मातृशति जब लखपति दीदी बनेगी, तो वे एक मां, बहन, पत्नी इत्यादी के रूप में पूरे परिवार का सहयोग करेगी : मनोहर लाल

## मुख्यमंत्री बोले, स्वयं सहायता समूह बन रहे आजीविका का सबसे बड़ा माध्यम, 55,000 समूहों के साथ जुड़ी 6 लाख महिलाएं

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़/करनाल :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मातृशक्ति जब लखपति दीदी बनेगी, तो वे एक मां, बहन, पत्नी इत्यादी के रूप में पूरे परिवार का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं में बहादुरी, समर्पण का भाव होता और परिवार की धूरी भी महिलाएं ही होती हैं, इसलिए मातृशक्ति को आगे बढ़ाने से पूरा परिवार आगे बढ़ता है। एक महिला शिक्षित और सशक्त होकर 3 पीढ़ियों को मज़बूत करने का कार्य करती है।

मुख्यमंत्री करनाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में आज लगभग 55,000 स्वयं सहायता समूह बने हुए हैं, जिनसे लगभग 6 लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इन समूहों द्वारा उत्पाद बनाये जाते हैं और वे अपनी आजीविका कमाते है। लेकिन इन उत्पादों को बेचने के लिए बाजार की पहुंच आवश्यक है, इसलिए हमने घोषणा की है कि हर शहर व कस्बे में साझा बाजार स्थापित किए जाएंगे, जहां स्वयं सहायता समूह अपने उत्पाद बेच सकते हैं। 23 फरवरी, 2024 को बजट अभिभाषण में यह घोषणा की थी और 24 फरवरी, 2024 को ही करनाल में साझा बाजार का उद्घाटन किया जा चुका है। फतेहाबाद में भी साझा बाजार बनकर तैयार हो गया है, उसका भी जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। इतना ही नहीं, माल बेचने के लिए बस अड्डे पर भी सरकारी दुकानें प्राथमिकता पर महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों को अलॉट की जा रही हैं।

उन्होंने महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि पंजाब के साथ लगते जिलों में नशे की समस्या बढ़ रही है, इसलिए अपने परिवारों के बच्चों को नशे से दूर रखने में महिलाएं अहम भूमिका निभा सकती हैं और बच्चों को नशे से दूर रखें। महासम्मेलन को लोकसभा सांसद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी, सांसद संजय भाटिया, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमरेंद्र कौर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला ने ड्रोन उड़ाकर भी दिखाया।

**उद्योग स्थापित करने के लिए गारंटी फ्री ऋण के लिए 200 करोड़ रुपये प्रावधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज महिलाएं छोटे उद्योग स्थापित करने में आगे बढ़ रही हैं और इसके लिए उन्हें ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए उन्हें गारंटी देनी पड़ती है। इससे राहत देने के लिए इस बार के बजट में वेंचर कैपिटल फंड के रूप में 200 करोड़ रुपये केवल गारंटी उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान किया गया है, ताकि महिलाओं को ऋण के लिए गारंटी न देनी पड़े। इतना ही नहीं, स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

**महिलाओं की सुरक्षा के लिए 32 महिला थाने :** मनोहर लाल ने कहा कि राज्य में महिलाओं को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है। हमने प्रदेश में 32 महिला थाने खोले हैं। हम महिलाओं के सम्मान के लिए कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार महिलाओं से आग्रह करती है कि कभी न सहिये, खुल कर कहीये अर्थात किसी भी गलत बात को न सहिये और अपने मन से ये भाव निकाल दिजिये कि आपकी बात कौन सुनेगा तो आप कोई भी बात मुझ तक पहुंचाएं, आपका भाई मनोहर लाल हमेशा आप के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है और मोदी जी की गारंटी के तहत सब काम पूरा करने का हरियाणा सरकार भरोसा दिलाती है।



### महिलाओं को आजीविका बढ़ाने के लिए दिए जाएंगे 5 हजार ड्रोन, यूरिया छिड़काव के लिए ड्रोन की बढ़ी मांग




मनोहर लाल ने कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश होने के नाते यहां किसानों को ड्रोन की बहुत बड़ी आवश्यकता पड़ने वाली है। अभी तक किसान अपने कधे पर मशीनें लगा कर खेतों में यूरिया का छिड़काव करता है। अब नैनो यूरिया यानि लिक्विड यूरिया के छिड़काव के लिए ड्रोन की बहुत बड़ी मांग बढ़ रही है। अब ये काम हमारी बहनें करेंगी। 5000 ड्रोन भी दिए जाएंगे और गांव-गांव के अंदर महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी। इतना ही नहीं, ट्रैफिक व्यवस्था, खनन, अवैध कॉलोनियां के सर्वे करने के लिए विभागों को भी ड्रोन की आवश्यकता है और ये ड्रोन अब हमारी लखपति दीदी चलाएंगी।

### राशन की 33 प्रतिशत दुकानें महिलाओं के लिए आरक्षित




मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए पहली बार 33 प्रतिशत राशन की दुकानें केवल महिलाओं के लिए आरक्षित रखी गई हैं। इसके अलावा, इस बार के बजट में घोषणा की गई है कि प्रदेश में नये 1 हजार हर-हित स्टोर खोले जाएंगे और उनमें 1 लाख रुपये से कम आय वाली महिलाओं को प्राथमिकता पर हर-हित स्टोर दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का जो अभियान हमने चलाया, उसके बहुत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। शिक्षा, खेल, विज्ञान आदि हर क्षेत्र में आज लड़कियां सबसे आगे हैं। बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए अधिक दूरी तय न करनी पड़े, इसके लिए हमने हर 20 किलोमीटर में एक कॉलेज स्थापित करने के अपने लक्ष्य को पूरा कर लिया है।

# एक स्टेशन पर तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले पुलिस कर्मियों को जिले के बाहर मिलेगी ड्यूटी

## मुख्य सचिव और डीजीपी को अनुपालना की तुरंत भेजनी होगी रिपोर्ट

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया है कि लोकसभा 2024 के आम चुनाव के मद्देनजर भारत के चुनाव आयोग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं कि पिछले चार वर्षों में एक संसदीय क्षेत्र या जिले में तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके पुलिस के उच्च पदों पर आसिन अधिकारियों व जिला चुनाव अधिकारियों की जिले से बाहर पोस्टिंग की जाए, इसकी पालना सभी विभागध्यक्ष अक्षरशः करें। इसकी रिपोर्ट मुख्य सचिव और डीजीपी को भेजनी होगी ,अनुपालना की भी तुरंत रिपोर्ट भेजनी होगी।

अग्रवाल चुनाव प्रबंधों को लेकर भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों पर विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भारत के चुनाव आयोग के संज्ञान में आया है कि चुनाव के दौरान राज्य सरकारों द्वारा अधिकारियों को एक ही संसदीय क्षेत्र के भीतर निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित/तैनात किया जा रहा है, इस लिए आयोग ने इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए अपनी वर्तमान स्थानांतरण नीति में एक अति महत्वपूर्ण सुधार किया है। उन्होंने कहा कि अब सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, जिला रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, अतिरिक्त महानिदेशक रेंज, आइजी, डीआईजी, सीनियर पुलिस अधिक्षकों, पुलिस अधिक्षकों, अतिरिक्त पुलिस अधिक्षकों, उप पुलिस अधिक्षकों, सर्कल अधिकारियों या इसके समकक्ष पुलिस अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाएगा, यदि उन्होंने एक ही संसदीय क्षेत्र या जिले में पिछले चार वर्षों में से तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिला रिटर्निंग अधिकारियों और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को उनके गृह जिलों वाल संसदीय क्षेत्र में पोस्टिंग न दी जाए।



### जिले से बाहर स्थानांतरित अधिकारियों को संसदीय क्षेत्र में नहीं मिलेगी ड्यूटी

आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, सभी राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया है, उन्हें उसी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में तैनात नहीं किया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आयोग की स्थानांतरण नीति का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए, न कि अनुपालन दिखाने के लिए इसे छिपाया जाना चाहिए। यह नियम उन तबादलों और पोस्टिंग पर पूर्वव्यापी रूप से लागू होता है जिन्हें आयोग के पूर्व निर्देशों के अनुसार पहले ही लागू किया जा चुका है।

### चुनावों में खलल डालने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनावों में खलल डालने के खिलाफ आयोग की जीरो टॉलरेंस नीति रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में, आयोग ने विभिन्न अधिकारियों, यहां तक कि राज्य में वरिष्ठ स्तर के पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण का आदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि ईसीआई नीति के अनुसार, उन सभी अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके हैं। इसमें वे अधिकारी शामिल हैं जो किसी भी तरह से सीधे या सुपरवाईजरी क्षमता में चुनाव कार्य से जुड़े हुए हैं।

# तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए सरकार ने किया पोर्टल शुरू

## पंजीकरण के बाद निशुल्क कराई जाएगी यात्रा : मनोहर लाल



तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़/करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ के दर्शन करवाने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत एक पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल पर पंजीकृत श्रद्धालुओं को सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा करवाई जाएगी। पोर्टल पर अब तक करीब 700 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं।

मुख्यमंत्री बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए करनाल से अयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ मन्दिरों का दर्शन करवाया जाना शामिल है। इसके अलावा अन्य तीर्थ स्थानों के लिए भी धीरे-धीरे पोर्टल खोलेंगे ताकि और तीर्थयात्री जो देश में अन्य तीर्थस्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकें। अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। परंतु कई लोगों का अनुरोध है कि कुछ किराया राशि अथवा शुल्क आदि लेकर अन्य लोगों को भी इस योजना में कुछ न कुछ सुविधा दी जाए, क्योंकि सामूहिक जाने का अपना एक आनंद होता है, इस पर विचार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी के जन्म स्थान अयोध्या में मन्दिर बनाने को लेकर 500 साल पुराना संघर्ष था, लेकिन अंत्तोगत्वा 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम लला के मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा करके देश के गौरव को बढ़ाया है।

# पुलिस महानिदेशक ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

## साइबर फ्रॉड संबंधी कॉल का अंदेशा होने पर तुरंत डायल करें 1930 तथा करें अपना बचाव, डीजीपी ने नशा मुक्ति को लेकर प्रदेश में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की

तेजयुग न्यूज़

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि यदि आमजन को साइबर अपराध या ऑनलाइन फ्रॉड का अंदेशा होता है तो वे बेझिझक एवं तुरंत हरियाणा पुलिस के हेल्पलाइन नंबर- 1930 पर संपर्क करें। ऐसा करने पर लोग साइबर अपराध से स्वयं का बचाव कर सकते हैं।इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाए तो जल्द से जल्द इसकी जानकारी हैल्पलाइन नंबर-1930 पर दें क्योंकि शुरूआती कुछ घंटों में साइबर फ्रॉड की गई राशि को ब्लॉक करने की संभावना अपेक्षाकृत अधिक होती है।

कपूर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। इस दौरान साइबर अपराध को रोकने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि साइबर अपराधियों द्वारा लोगों को अलग-अलग प्रकार के प्रलोभन देते हुए साइबर फ्रॉड का शिकार बनाया जाता है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी कई बार सीबीआई या ईडी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसी प्रकार, साइबर अपराधियों द्वारा टीआरएआई अर्थात ट्राई का प्रतिनिधि बताते हुए फोन नंबर बंद करने का डर दिखाकर लोगों के साथ ठगी की जाती है। कई बार साइबर अपराधी रिश्तेदारों के नाम पर तो कभी टास्क बेस्ड फ्रॉड जैसे वर्क फ्रॉम होम का प्रलोभन देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं।

इसी प्रकार, साइबर अपराधी नौकरी का झांसा देकर, पॉलिसी मैच्योर होने के बारे, फर्जी लिंक भेजकर, केवाईसी अपडेट करने के नाम पर, कोरियर कंपनी का प्रतिनिधि बनकर आदि द्वारा भी साइबर फ्रॉड करते हैं। इन तरीकों के बारे में आमजन को जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। यदि लोगों को इस बारे में कोई भी कॉल अथवा मैसेज प्राप्त होता है तो वे हेल्पलाइन नंबर-1930 पर संपर्क करें और मामले की पुष्टि अवश्य करें अन्यथा उनकी जरा सी लापरवाही उन्हें साइबर फ्रॉड का शिकार बना सकती है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए टेलीकॉम कंपनियों से भी संपर्क किया जा रहा है और जल्द ही इसे लेकर कार्ययोजना तैयार करते हुए काम किया जाएगा। इसके अलावा श्री कपूर ने प्रदेश में बनाए गए साइबर थानों की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षकों से कहा कि वे साइबर थानों की कार्यप्रणाली की समय-समय पर समीक्षा करते रहें और साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए कार्ययोजना बनाएं। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा संबंधी बरती जाने वाली सावधानियों के बारे मे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा मैसेज आदि भेज कर उन्हें जागरूक किया जाए ।



▸▸ ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए जल्द ही किया जाएगा सर्वे, किया जा रहा है प्रोफॉर्मा तैयार

बैठक में श्री कपूर ने महिला सुरक्षा को लेकर किए गए कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षकों द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। श्री कपूर ने कहा कि महिलाओं में सुरक्षा को लेकर आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए निर्धारित बिंदुओं जैसे महिलाओं के साथ छेड़छाड़ वाले स्थान को सुरक्षित करना, सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से अपराधियों पर नजर रखना, स्कूल, यूनिवर्सिटी तथा कालेज आदि के बाहर मनचलों पर लगाम लगाना तथा शिक्षण संस्थानों में महिलाओं के साथ बातचीत करते हुए उन्हें आ रही समस्याओं के बारे में पता लगाकर उनका समाधान करना आदि पर प्रभावी तरीके से कार्य करें। बैठक में बताया गया कि महिला सुरक्षा को लेकर पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे कैब तथा ऑटो आदि में लेबलिंग का काम भी लगभग पूरा हो चुका है। इसके अलावा, प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा को भी प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। ट्रिप मॉनिटरिंग सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सर्वे के लिए प्रोफॉर्मा भी तैयार किया जा रहा है ताकि फीडबैक लेकर इस दौरान आ रही दिक्कतों को दूर किया जा सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि मनचलों को सबक सिखाने के लिए उनके परिजनों के साथ मिलकर उनकी काउंसलिंग की जानी चाहिए। ऐसे मनचले युवा जो महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं उनसे सख्ती से निपटा जाता है। इसके साथ ही, जो लोग महिला विरुद्ध अपराध में सजा काटकर अथवा बेल पर बाहर आए हैं उन्हें लेकर भी संबंधित महिला से फीडबैक लिया जा रहा है कि कहीं महिला को अपराधी द्वारा परेशान तो नहीं किया जा रहा।

इसके अलावा बैठक में नशा मुक्ति अभियान को लेकर किए गए कार्यों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए समय-समय पर ग्राम प्रहरियों तथा वार्ड प्रहरियों की बैठक लें और उनके कार्यों की समीक्षा करते रहें। उन्होंने कहा कि ग्राम तथा वार्ड प्रहरी गांव अथवा वार्ड को एक यूनिट मानते हुए उन्हें नशामुक्त बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने यह भी कहा कि वे नशा बेचने वालों का डाटा बेस तैयार करके नियम अनुसार कार्यवाही करें और नशे के शिकार लोगों का उपचार करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने-अपने थानों अथवा चैकियों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों तथा अन्य क्षेत्रों को चिन्हित करके उसे नशा मुक्ति करें। श्री कपूर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक समय-समय पर नशा मुक्ति केंद्रों की चेकिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां पर कोई अवैध गतिविधियां न चल रही हों।